हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, मंगलवार, 18 मार्च 2025

12 कृषि ट्यूबवेल कनेक्शनों को लेकर सौंपा ज्ञापन



12 दुष्कर्म के आरोपी पुलिस अधिकारी की गिरफ्तारी ...



## भाजपा बोली : सरकार ने बजट में खोला घोषणाओं का पिटारा, कांग्रेस ने बताया कागजी , सीएम ने हर वर्ग का रखा ख्याल

# बजट से किसी को मिली राहत तो कोई हुआ आहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सीएम एवं वित्तमंत्री नायब सिंह सैनी ने पहले बजट में हर वर्ग ख्याल रखा है। बजट में मध्यम वर्ग व किसान वर्ग को राहत देने का प्रयास किया गया। इनके अलावा महिलाओं को भी आर्थिक रूप से मजबूत करने के मकसद से उनको एक लाख रुपये का ऋण बिना ब्याज के देने का प्रावधान करके एक बेहतरीन कार्य किया है। ताकि महिलाएं स्वंय रोजगार को अपना सके। वहीं कुछ लोगों ने सरकार के बजट को कागजी बजट बताया। उनका तर्क है कि न तो बीज,खाद व डीजल-कीटनाशक पर कोई रियायत दी गई,बल्कि गुमराह करने वाला बजट है। इससे किसी वर्ग को कोई फायदा नहीं होगा।

विधानसभा में पहुंचकर दोपहर बाद सीएम एवं वित्तमंत्री नायब सिंह सैनी ने बजट में नशे पर चाबुक चलाते हुए लोगों में जागरूकता फैलाने के मकसद से प्राधिकरण के गठन का प्रस्ताव लाकर एक बेहतरीन कार्य किया है। चूंकि सूखा नशा समाज को दीमक की तरह चाट रहा है। ऐसे में इस बुराई से बचने व बचाने के लिए लोगों में जागरूकता लाना बेहद जरूरी है। इसी तरह किसानों को नकली बीज की मार से बचाने का भी बजट में प्रावधान किया गया है। इसके लिए जल्द ही बिल लाए जाने का प्रस्ताव रखा गया। इनके अलावा विगत में अमेरिका द्वारा डंकी रूट के जरिए गए लोगों को डिपोर्ट करने के बाद प्रदेश सरकार ने कई कदम उठाए है। इस समस्या के निराकरण के लिए इसी सत्र बिल लाए जाने का प्रस्ताव रखा गया। ताकि युवाओं को गलत ढंग से विदेशों में भेजने वालों पर शिकंजा कसा जा सके। सरकार ने उन किसानों को बजट में फायदा पहुंचाने का प्रयास किया। जिन किसानों के खेत लवणीय या नमकीन भूमि हो गई है और उसमें अब किसी तरह की कोई भी फसल पैदा नहीं होती। उन किसानों की भूमि को पुर्नजीवित किया जाएगा। अब तक प्रदेश में इस तरह की करीब 62 हजार एकड़ तथा नए बजट में एक लाख एकड़ को पुर्नजीवित करने का प्रावधान किया गया है।



भिवानी। सोमवार को टेलीविजन पर बजट की प्रस्तुती देखते लोग। फोटो : हरिभूमि

### बजट निराशाजनक : राकेश आर्य



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा सोमवार को पेश किया गया हरियाणा का बजट भाजपा सरकार का मात्र एक ढक़ोसला साबित हुआ। इसमें किसानों के लिए ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया गया, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुधर सकें। भाजपा सरकार का इस बार का बजट भी मात्र कागजी बजट साबित हुआ। यह आरोप भारतीय किसान यूनियन चंढूनी के जिला अध्यक्ष राकेश आर्य ने हरियाणा बजट पर अपनी प्रतिकिया देते हुए कही। किसानों को खाद-बीज पर ना सब्सिडी दी गई, ना फसलों पर एमएसपी, ना कर्ज से राहत दी गई, ना डीजल-कीटनाशक दवाई की कीमतें कम की गई। केवल बातें ही बातें की गई। इस बजट से किसी को कोई लाभ नहीं होगा

### नशे पर लगेगी लगाम : कमलेश



शहरवासी महिला कमलेश ने बताया कि अभी तक किसी भी सरकार ने नशे पर लगाम कसने के लिए इस तरह का कोई प्रस्ताव नहीं बनाया। पर वित्तमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोगों को नशे से बचाने के लिए मेरा संकल्प प्राधिकरण का गठन करने का प्रस्ताव लोकर एक बेहतरीन कार्य किया।

### पानी बचाने का प्रयास सराहनीय



गौरीशंकर ने बताया कि सीएम एवं वित्तमंत्री नायब सिंह सैनी ने नहरी पानी को बचाने की दिशा में बेहतरीन कदम उठाए है। जो किसान धान की फसल की जगह दूसरी फसल(कम पानी वाली) की बिजाई करेगा। उन किसानों को अनुदान के तौर पर 7 हजार की बजाए अब आठ हजार रुपये प्रति एकड़ दिए जाएंगे। धान की सीधी बुआई करने वाले किसानों को 4 हजार रुपये प्रति एकड़ की बजाए 4500 रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से दिए जाने का बजट में प्रावधान किया गया है। धान की पराली प्रबंधन के लिए एक हजार रुपये प्रति एकड़ की बजाए अब 12 सौ रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से अनुदान दिया जाएगा। ताकि धान की पराली को जलाने की बजाए उसका सही ढंग से प्रबंधन हो सके।

### डीएपी का दुरुपयोग नहीं होगा



शहरवासी आदेश ने बताया कि सरकार ने यूरिया व डीएपी की बिक्री को लेकर हुई किल्लत से बचने का तोड़ निकाल लिया है। अब यूरिया व डीएपी का दुरुपयोग नहीं होगा। चूंकि बजट यूरिया व डीएपी खाद की बिक्री को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल के साथ जोड़ने की योजना को अंतिम रूप दिया गया है। बजट में इस योजना को लागू करने का प्रावधान किया गया है। इस योजना के लागू होने के बाद यूरिया व डीएपी खाद का सही वितरण हो पाएगा। हरेक किसान को यूरिया व डीएपी खाद मिल पाएगी। खाद की कालाबाजारी पर रोक लगने का प्रयास होगा। डीएपी खाद को लेकर जो परेशानी किसानों को होती थी। अब कोई परेशानी नहीं रहेगी। अब डीएपी खाद के लिए बिजाई प्रभावित नहीं होगी।

### महिलाएं होंगी समृद्धः सुनीता



शहरवासी महिला सुनीता ने बताया कि सीएम नायब सिंह सैनी ने बजट में महिलाओं के हित का भी ख्याल रखा है। उन्होने महिलाओं को भी आर्थिक रूप से मजबूत करने के मकसद से उनको एक लाख रुपये का ऋण बिना ब्याज के देने का प्रावधान करके एक बेहतरीन कार्य किया है। ताकि महिलाएं स्वंय रोजगार को अपना सके। बजट में इस तरह का प्रावधान किए जाने के बाद विकास कार्यो को पहिए लग जाएंगे। अब महिलाएं ऋण लेकर अपना व्यवसाय चला सकती है। इससे उनकी आमदनी में वृद्धि होगी। अब किसी भी महिला को अपना व्यवसाय चलाने के लिए किसी का मुंह नहीं ताकना पड़ेगा। पैसों के अभाव में बहुत सी महिलाएं अपना करोबार नहीं शुरू कर पाती थी, अब ऐसी महिलाओं को परेशानी नही आएगी।

### गोमाता का रखा ख्याल



मदन ने बताया कि बजट में देसी गाय के पालने वाले पशुपालक को अब 25 हजार की बजाए 30 हजार रुपये दिए जाने का प्रावधान किया गया है। वित्तमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह कदम प्रदेश में गायों की संख्या बढाने व उसके प्रति रूझान बढाए जाने को लेकर किया है। सरकार के इस फैसले से गायों की संख्या तो बढ़ेगी। साथ में दुग्ध उत्पादन में भी बढौतरी होगी।

### सड़कों, तालाबों और गांवों के विकास को मिलेगी गतिः जेपी दलाल



लोहारू। पूर्वमंत्री जेपी दलाल ने कहा कि हरियाणा सरकार ने बजट 2025-26 से प्रदेश में सर्वांगीण विकास की सोच के साथ हर वर्ग के हित का ख्याल रखा है। सरकार ने कृषि, सिंचाई, पशुपालन, मछली पालन, बागवानी सहित सभी विभागों के बजट में बढ़ोतरी की है। कृषि, पशुपालन, बागवानी तथा झींगा पालन को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं का प्रावधान किया है। बजट में हर 10 किलोमीटर के दायरे में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खोलने का प्रावधान किया गया है। पूर्वकृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि लोहारू के ऐतिहासिक किले को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में हरियाणा की समृद्धि और विकास को समर्पित 2.05 लाख करोड़ के ऐतिहासिक व जनकल्याणकारी बजट के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि ये बजट किसानों, युवाओं, महिलाओं, गरीबों एवं सभी वर्गों के उत्थान के लिए बनाई गई योजनाएं प्रदेश के विकास को नई गति देंगी। प्रदेश में महिलाओं को प्रति माह 2100 रुपये की आर्थिक सहायता देने का संकल्प लिया था, इसे पूरा करने के लिए लाडो लक्ष्मी योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 में इसके लिए 5,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

## खबर संक्षेप

### ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी सर्कल कबड्डी स्पर्धा आज से

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विवि की कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी की अगुवाई एवं कुलसचिव डॉ. भावना शर्मा के मार्गदर्शन में 18 से 20 मार्च तक ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी सर्किल कबड्डी पुरुष चैंपियनशिप का आयोजन प्रेमनगर स्थित विवि के नए कैंपस में किया जा रहा है।

### रिफंड राशि को रिएलोकेट करने के लिए पोर्टल खुला

**भिवानी।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया कि जिन किसानों की प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2023 में बीमा पॉलिसी कंपनी द्वारा रिजेक्ट करके प्रीमियम राशि रिफंड कर दी गई थी। उन किसानों की बीमा पॉलिसी रिअप्रूवड करने के उद्देश्य से कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा रि-एलोकेसन विंडो ओपन कर की गई हैं। इस बारे विभाग द्वारा सभी किसानों को एसएमएस के माध्यम से सूचित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए सभी संबंधित किसान 25 मार्च तक पोर्टल के माध्यम से प्रीमियम की राशि अवश्य जमा करवाये।

### परसराम हेतराम स्कूल में सर्विस कैंप 26 को

**चरखी दादरी।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से आगामी 26 मार्च को एक मेगा सर्विस कैंप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रशासन के विभिन्न विभागों की तरफ से स्टॉल लगाकर सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम संजीव काजला ने बताया कि प्राधिकरण की ओर से 26 मार्च को परसराम हेतराम स्कूल में आम नागरिकों को जन सेवाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मेगा कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के तहत मौके पर ही आवेदन करवाएं जाएंगे।

### एक लाख रुपये चुराने वाली महिला गिरफ्तार

**भिवानी।** पुलिस की सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी ने ई रिक्शा सवार महिला के पर्स से एक लाख रुपए चोरी करने के मामले में एक आरोपित महिला को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार की गई आरोपित महिला की पहचान पूनम पत्नी सुनील निवासी बलियाली जिला भिवानी के रूप में हुई है।



भिवानी। सीटीएम को पीएम के नाम ज्ञापन देते आशा वर्कर्स। फोटो : हरिभूमि

# आशा वर्कर्स ने प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

- 26 हजार न्यूनतम वेतन देने की मांग रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

लंबित मांगों को लेकर आशा वर्कर्स यूनियन की जिला कार्यकारणी ने राज्य उपप्रधान कमलेश भैरवी की अध्यक्षता में सीटीएम को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। राज्य प्रधान सुरेखा ने भी मुख्य वक्ता के तौर पर शिरकत करते हुए आशा वर्कर की मांगें बुलंद करते हुए प्रदेश व केंद्र सरकार के रवैये पर निराशा जाहिर की और वर्ष 2023 में मुख्यमंत्री कार्यालय के साथ हुए समझौते को लागू करने की मांग उठाई।

आशा वर्कर्स ने कहा कि 2018 से मानदेय नहीं बढ़ा है, सरकार को उनकी चिंता नहीं है। सबसे कम मानदेय में उसने काम करवाया जाता है। इसके अलावा ज्ञापन में उन्होंने गुणवत्ता पूर्ण सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने, एनएचएम को स्थायी कार्यक्रम बनाने, 45 वें व 46 वें श्रम सम्मेलन की सिफारिशों को लागू करते हुए आशा वर्कर्स को नियमित कर्मचारियों का दर्जा देने, सभी सामाजिक सुरक्षा लाभ सुनिश्चित करने, आशा वर्कर्स के इंसेंटिव बेस कार्यों की प्रोत्साहन राशियों में तुरंत बढ़ोतरी करने और नियमित कर्मचारी का दर्जा नहीं मिलने तक 26 हजार न्यूनतम वेतन देने की मांग रखी। राज्य उपप्रधान कमलेश भैरवी तथा जिला प्रधान प्रेमपति ने कहा कि राजकीय अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन बंद पड़ी है। इस दौरान सीआईटीयू कोषाध्यक्ष राजकुमार, किसान सभा जिला प्रधान रणधीर कुंगड़ आदि उपस्थित थे।

# विवि टॉपर रीना शर्मा को राज्यपाल ने किया सम्मानित

- बेटियों की प्रतिभा तराशकर उन्हें आगे बढ़ने को प्रोत्साहित करने की जरूरत : भारद्वाज
- एमए हिंदी में विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल करने वाली रीना को गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र भेंट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी जिले की बेटियों ने न केवल खेल, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में अपनी शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इसी कड़ी में गांव धारेडू निवासी रीना शर्मा ने गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में एमए हिंदी विषय में पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया। रीना को हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सम्मानित किया। रीना शर्मा की उपलब्धि पर समस्त जिले में खुशी को माहौल है। बता दें कि बीते दिनों गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी हिसार में छठे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया, जिसमें बतौर मुख्यतिथि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू एवं हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने शिरकत की थी। समारोह में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने एमए हिंदी में पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल करने वाली रीना शर्मा को गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। बेटी की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उनके पिता सत्यदेव भारद्वाज व माता मंजू देवी ने कहा कि उन्हें अपनी बेटी की उपलब्धि पर बेहद गर्व है। उन्होंने कहा कि बेटियां अपनी मेहनत एवं लग्न की बदौलत सफलता की हर उड़ान भर रही है, जिसके लिए वे बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि बेटियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें तराशने एवं प्रोत्साहन की जरूरत है।



# एडीसी ने समाधान शिविर में सुनीं लोगों की शिकायतें

- प्रत्येक कार्य दिवस को प्रात : 10 से 12 बजे तक सुनीं जाती हैं शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

उपायुक्त महावीर कौशिक के मार्गदर्शन में एडीसी मुनीष नागपाल की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हाल में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनी गई। इस दौरान उन्होंने शिकायतें सुनी और कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक कार्य दिवस को प्रातः:10 से 12 बजे तक समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनी जाती है। प्रदेश सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। एडीसी नागपाल ने नागरिकों की गली में अवैध कब्जा, पीपीपी, सामाजिक पेंशन, पुलिस आदि से संबंधित शिकायतें सुनी। उन्होंने समाधान शिविर में आई शिकायतों का संबंधित अधिकारियों को समाधान करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत को प्राथमिकता के साथ निपटाए। योजनाओं का लाभ लेने व अन्य मूलभूत सुविधाओं को प्राप्त करने में आने वाली समस्याओं के निदान हेतु प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाता है। समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का स्वयं मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी मोनिर्टिंग कर रहे हैं। समाधान शिविर में डीडीपीओ आशीष मान, जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक अनिल कालड़ा सहित विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारी व फरियादी मौजूद थे।

# मॉडल संस्कृति स्कूल के कृष्ण को मिला इंस्पायर मानक अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक के दो विद्यार्थियों ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। दरअसल विद्यालय के छात्र कृष्ण कुमार को मल्टीपरपज हेल्पिंग स्टिक के नवाचार के लिए हाल ही में इंस्पायर मानक अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

यह अवार्ड विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्कूली विद्यार्थियों को मिलता है। यहीं नहीं हाल में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यालय के लक्ष्य ने प्रथम स्थान हासिल किया है, जिसके लिए जिला परियोजना अधिकारी सुरेश भारद्वाज ने उन्हें एक हजार की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया है। वहीं विद्यार्थी कृष्ण को दस हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया गया है। प्राचार्य पूनम श्योराण ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण परिवेश में विद्यालय के छात्रों ने विज्ञान के क्षेत्र में उपलब्धि हासिल कर विद्यालय और इलाके का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय, लोहारू विज्ञान संकाय के छात्रों के लिए उत्कृष्ट मंच प्रदान करता है।



भिवानी। विद्यार्थी कृष्ण को सम्मानित करते हुए प्राचार्य पूनम श्योराण व स्टाफ सदस्य।

## क्रिकेट प्रतियोगिता में 52 टीमों ने दिखाया दमखम

# बवानीखेड़ा ने पूर गांव की टीम कोर को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

आज सर्व कल्याण मंच द्वारा हल्का बवानी खेड़ा के गांव पूर में तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया । खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में जबरदस्त दमखम दिखाया। जिसमें लगभग 52 टीमों ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में बवानी खेड़ा की टीम ने पुर गांव की टीम को हरा कर प्रतियोगिता जीती।

पहला क्वार्टर फाइनल पूर व मैंहदा की टीमों में हुआ जिसमें पूर की टीम विजेता रही। दूसरा क्वार्टर फाइनल ढाणीमांहु और बडेसरा में हुआ जिसमें विजेता बना। फाइनल में बवानी खेड़ा वह पुर गांव की सर्व कल्याण मंच की टीम के साथ मैच हुआ। जो दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर थी पहले खेलते हुए बवानी खेड़ा ने आठ ओवरों में 173 रन बनाए तथा पुर की टीम को 174 रन का टारगेट दिया। लेकिन पूर की टीम 110 रन ही बना पाई और बवानी खेड़ा ने मैच जीत कर ट्रॉफी अपने नाम की।



### मुख्यातिथि को किया सम्मानित

अध्यक्ष नवीन कौशिक व समस्त ग्राम वासियों ने सहयोग किया और वहीं मुख्य अतिथि तौर पर पहुंचे बवानी खेड़ा के विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि व सरकार में कैबिनेट मंत्री रणवीर सिंह गंगवा के बेटा पहुंचे। और सर्व कल्याण मंच व ग्राम वासियों द्वारा फूल मालाएं पहना कर उनका स्वागत किया गया और विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए और नशे से दूर रहना चाहिए ।

उन्होंने खिलाड़ियों में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि सरकार ने खिलाड़ियों को अनेक सुविधा दी हुई है जिसके चलते उन्हें किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न नहीं होनी दी जाएगी। विधायक ने बताया कि ग्रामीणों में छिपी खेल प्रतिभाओं को निकालने के लिए हर गांव में खेल नर्सरियों का निर्माण किया गया है तथा बड़े गांव में खेल स्टेडियम का निर्माण किया गया है वहां अच्छे और योग्य प्रशिक्षक खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर रहे हैं विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने बताया कि इसी के चलते बवानी खेड़ा में भी करोड़ों रुपए की लागत से बड़ा स्टेडियम तथा एक मिनी स्टेडियम बनाने की सरकार द्वारा घोषणा की गई है।

# अवैध खनन एवं निर्माण सामग्री से भरे वाहन जांचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

हरियाणा सरकार अवैध खनन के खिलाफ कड़े कदम उठा रही है और खनन विभाग लगातार इस पर नजर बनाए हुए है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग खुद खनन विभाग की गतिविधियों पर लगातार नजर रखे हुए हैं।

सरकार का मुख्य लक्ष्य खनन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाना और अवैध खनन को जड़ से खत्म करना है। जिला खनिज अधिकारी रिंकू कुमार ने बताया कि विभागीय चेकिंग के तहत टीम ने समसपुर नाका और लोहारू रोड की तरफ 50 से अधिक वाहनों को चैक किया और सभी वाहन वैध ई रवाना के साथ मिले। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और विभागीय स्तर पर निरंतर निगरानी रख रहे हैं। जिला के विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जा रही है।



भिवानी। निर्माण सामग्री से लोड वाहन की जांच करते अधिकारी।

रोहतक मंगलवार
18 मार्च 2025

हरिभूमि
# सहेली



स्पेशल: इंटरनेशनल-डे ऑफ हैप्पीनेस, 20 मार्च

खुश रहना जीवन की सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। स्वस्थ जीवन के लिए खुशी बहुत जरूरी है। खुश इंसान शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ रहकर न सिर्फ अपना जीवन संवारता है, दूसरों की भी संभाल और देखभाल कर सकता है। आपसी केयरिंग-शेयरिंग इंसान को बहुत बड़ा संबल देती है। शायद इसीलिए इस साल इंटरनेशनल-डे ऑफ हैप्पीनेस की थीम है- शेयरिंग इज केयरिंग। यह बात आज के दौर में तब और ज्यादा मायने रखती है, जब समाज-परिवार में आपसी संवाद और अपनेपन के भाव कम होते जा रहे हैं।

## संभाल-साझेदारी के भाव देते हैं खुशियां

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

खुश रहना खुद के प्रति भी एक जिम्मेदारी है। खुश रहकर ही खुशहाल परिवेश बनाया जा सकता है। खुशमिजाज अभिभावक ही नई पीढ़ी को खुशियों की विरासत दे सकते हैं। खुश रहने से सेहत अच्छी रहती है। स्वस्थ इंसान ही अपने से जुड़े लोगों की केयर कर सकता है। खुशियां अपने साथ हर तरह की सुखदायी सौगात लेकर आती हैं। यही वजह है कि थोड़ा ठहर कर मन को समझने की जरूरत होती है। भावनाओं की दिशा को आंकने की दरकार होती है। नाखुशी के कारण जानने की कोशिश आवश्यक है। इंटरनेशनल-डे ऑफ हैप्पीनेस ऐसी ही बातें याद दिलाती है।


### जरूरी हैं संभाल-साझेदारी के भाव

साल 2025 में इंटरनेशनल-डे ऑफ हैप्पीनेस की थीम 'शेयरिंग इज केयरिंग' है। यानी संभाल-देखभाल और साझेदारी के इमोशंस से जुड़ी है। यह सब्जेक्ट मेंटल हेल्थ से लेकर रिश्तों और शारीरिक स्वास्थ्य से जुड़े पहलुओं को भी संबोधित करता है। साझेदारी और संभाल दोनों ही बातें व्यक्तिगत ही नहीं, पूरे समाज की खुशहाली से जुड़े भाव हैं। इतना ही नहीं, शेयरिंग और केयरिंग का भाव एक-दूजे से भी गहराई से जुड़ा है। मन जीवन से जुड़ी बातों और हालातों को साझा करने से संभाल देखभाल की राह निकलती है।

### खुशियों की साझी बुनियाद

दिल की बात कहना, समझाइश देना, समय निकालना या कोई काम की चीज देकर सहयोग करना शेयरिंग है। इसी की बुनियाद पर केयरिंग सोच के इमोशन भी टिके हैं। अपने दिल के भाव साझा करना विश्वास और सम्मान से जुड़ा है। वहीं किसी को समझने-जानने के लिए समय निकालने का भाव केयरिंग है। यह खुशियां पाने की साझी बुनियाद है। शेयरिंग और केयरिंग से जुड़े इमोशंस बहुत पॉजिटिव होते हैं। भरोसे की नींव मजबूत करते हैं। दो इंसानों में ही नहीं, पूरे समाज में सहयोग की भावना बढ़ाते हैं। एक-दूसरे की परवाह करने की सोच को बल देते हुए हर परिस्थिति को सहज बनाए रखने वाले इमोशंस हैं।







समझना मुश्किल नहीं, इन बातों से हर इंसान को खुशी ही मिलती है। ऐसे हालातों में सभी के लिए सहजता से खुशियों को जीने की राह निकलती है।

### केयरिंग कल्चर की जरूरत

मौजूदा दौर में सचमुच केयरिंग कल्चर को अपनाने की आवश्यकता है। किसी घर में बच्चे अकेले समय बिता रहे हैं तो कहीं बुजुर्गों को सेवा-सुश्रूषा नहीं मिल पा रही है। ऐसे में एक दूजे की केयर करने और साथ देने का भाव हर किसी को खुशी ही देगा। यों भी सुख-दुख साझा करने से ही खुशियां पाई जा सकती हैं। देखभाल की इस संस्कृति को विस्तार देने का पहला पड़ाव शेयरिंग ही है। आपसी संवाद से अपनेपन का भाव आता है। आपाधापी भरी जिंदगी में तो आस-पड़ोस में भी आपसी संवाद की कड़ी टूट गई है। परिवार के सदस्य भी एक-दूसरे से कम ही बतियाते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि इस अलगाव के साथ ही नाखुशी भी विस्तार पा रही है। अनहैप्पी लोगों के आंकड़े भी बढ़ रहे हैं। हर उम्र के लोग अकेलेपन और अवसाद के घेरे में हैं। इसीलिए मन की परेशानियां साझा करने के साथ ही केयरिंग कल्चर को बढ़ावा देना भी जरूरी है। पारस्परिक निर्भरता से बनने वाला सहयोगी परिवेश सभी की झोली में खुशियां भर देता है।

### खुशियों का स्वागत

हाल के वर्षों में दुनिया के हर समाज में ही असंतोष, चिंता, उदासी, गुस्से और अपराधबोध के इमोशंस बढ़े हैं। लोग खुश रहने और दूसरों को खुश रखने वाले सहज व्यवहार को भूल रहे हैं, जबकि वैज्ञानिक अध्ययन भी कहते हैं कि दोस्तों और परिवार का साथ देने वाले लोगों की मेंटल और फिजिकल हेल्थ बेहतर रहती है। यह जुड़ाव जितना गहरा होगा, इंसान उतना ही अच्छा महसूस करता है। यानी शेयरिंग और केयरिंग दूसरों को खुशी देने का ही नहीं, खुद को खुश रखने का भी रास्ता है। उदार सोच अपने मन को भी तनाव से दूर रखती है। यह भाव कॉमन खुशियों को न्योता देने वाला है, क्योंकि लोगों की खुशी पूरे समाज की खुशहाली से जुड़ी है। इसीलिए हैप्पीनेस के स्वागत के लिए किसी दोस्त की सहायता करने और इमोशनल सपोर्ट देने का भाव रखें। जरूरतमंद इंसान की मदद करने के मोर्चे पर डटें। उदासी से जूझते किसी इंसान के साथी बनें। जितना संभव हो उचित सलाह देने का प्रयास करें। आम-सा लगने वाला यह मेल-जोल हर किसी को खुशी ही देता है।

## अपनी मम्मी के साथ टीनएज गर्ल्स क्यों करती हैं मिसबिहेव

बिहेवियर
नीलम अरोड़ा



एक समय था सविता और उसकी टीनएज बेटी प्रियंका के बीच आए दिन तकरार होती थी। स्कूल की क्लास बंक करना, ट्यूशन की क्लास बंक करना, जिनके साथ सविता मना करती थी, उनके साथ इधर-उधर घूमना, कमरा बंद करके अपनी फ्रेंड्स के साथ घंटों बातचीत में लगे रहना, इन आदतों से सविता अकसर उसे डांटती रहती थी। बीच-बीच में सविता और उसकी बेटी के साथ रिश्ते काफी खराब हो गए थे। आज सविता की बेटी पचीस साल की एक समझदार, सुलझी हुई और अपने करियर के प्रति बहुत सीरियस युवती है। आज सविता को समझ में आ चुका है कि अकसर बेटियां और मांएं क्यों एक लंबा समय तनाव के बीच गुजारती हैं।

**मां-बेटी के बीच क्यों रहता है तनाव:** टीनएज में जहां बेटियां हार्मोनल परिवर्तन का सामना कर रही होती हैं, वहीं मांएं भी बेटियों के मूड स्विंग, चिड़चिड़ापन और बात-बात पर कटाक्ष और मिसबिहेव से खीजती हैं। मांएं अपनी बेटियों पर कंट्रोल करना चाहती हैं, लेकिन बेटियां उनको सुनने को तैयार नहीं होतीं। बेटी की अनमैच्योरिटी और उसमें समझ की कमी मांओं को और ज्यादा तनावग्रस्त करती है। एक-दूसरे के प्रति शिकवा-शिकायतें, गलतफहमियां रहती हैं। नतीजा यह होता है कि दोनों के बीच लंबे समय तक बातचीत बंद हो जाती है। कई बार तो किशोर बेटी मां से बहुत दूर होती जाती है। सविता की तरह बहुत-सी मांएं अपनी टीनएजर बेटी के मिसबिहेव को सहती हैं, तनाव में रहती हैं।



**क्या करें टीनएजर के पैरेंट्स:** टीनएज में लड़कियों के मूड या व्यवहार में अचानक परिवर्तन दिखता है। ऐसे में मांओं को समझदारी के साथ गहराई से सोचना चाहिए कि बेटी छोटी-छोटी बातों पर क्यों गुस्सा हो जाती है? दरअसल, टीनएज में जब बच्चे अपने अलग व्यक्तित्व और पहचान को प्रकट करना चाहते हैं तो पैरेंट्स की नसीहतें उन्हें अपनी आजादी में खलल लगती है, जिसकी वजह से मां-बेटी के रिश्तों में कड़वाहट आ जाती है। ऐसे में मां को ही समझदारी से काम लेना चाहिए। अगर टीनएज बेटी के ड्रेसिंग या अन्य एक्टीविटीज के बारे में मां को कोई परेशानी या आपत्ति है तो बेटी को अपने बारे में कुछ डिसीजन लेने की छूट दें, लेकिन कुछ सीमाओं के साथ।

**पीयर प्रेशर का सामना:** आजकल के टीनएज बच्चे पीयर प्रेशर, समाज में अपनी स्थिति, एजुकेशन, करियर और अन्य दूसरी चीजों के कारण तनाव और दबाव पहले की तुलना में ज्यादा महसूस करते हैं। इस तरह की बातें टीनएज लड़कियों को चिड़चिड़ी और तनावग्रस्त बनाती हैं। इन सबका गुस्सा अकसर टीनएज बेटियां अपने मम्मी-पापा पर उतारती हैं, वे अपनी मम्मी से चिढ़ने लगती हैं। पैरेंट्स के रूप में मांओं को उन पर पड़ने वाले दबावों के प्रति सजग रहते हुए उनकी मानसिक स्थिति को समझना चाहिए। क्योंकि कभी-कभी दुख और अवसाद के क्षणों में हमें भी ऐसे महसूस होता है कि कोई तो हमारी सुने, तो फिर अपनी बेटी की शिकायत हमें क्यों परेशान करने वाली लगती है? चीजों को देखने का नजरिया उसका भले ही मैच्चौर न हो, लेकिन उसकी भावनाएं तो मायने रखती हैं। 'तुम इतना परेशान क्यों हो' कहने की बजाय 'हां, मैं समझ सकती हूं, तुम परेशान हो, मैं तुम्हारी क्या हेल्प कर सकती हूं?' कहकर आप उसका मन हल्का कर सकती हैं।

**बेटी के साथ रखें अच्छा कम्युनिकेशन:** बेटी के साथ कम्युनिकेशन का रास्ता हमेशा खुला रखें। टीनएज बेटी के साथ ज्यादा सख्त व्यवहार स्थिति को और नाजुक बना सकता है। इस बात को मांएं याद रखें, उनकी बेटी तो बड़ी हो रही है लेकिन वे स्वयं बड़ी हैं।

इंटीरियर
रेखा

वैसे तो घर में फ्लोरिंग कराने के कई ऑप्शंस अवेलेबल हैं। लेकिन अगर आप कम बजट में अट्रैक्टिव लुक चाहती हैं तो वुडेन फ्लोरिंग अच्छा ऑप्शन हो सकता है।

## वुडेन फ्लोरिंग घर को दे अट्रैक्टिव लुक



आज के समय में बहुत लोग अपने घरों में महंगे मार्बल्स की जगह लकड़ी से बनी फर्श बनवाना पसंद करते हैं। इसे वुडेन फ्लोरिंग कहा जाता है। इससे घर का इंटीरियर लुक ही बदल जाता है। यही वजह है कि इन दिनों वुडेन फ्लोरिंग काफी ज्यादा चलन में है।

**ट्रेंड में है वुडेन फ्लोरिंग :** इन दिनों वुडेन फ्लोरिंग काफी ज्यादा ट्रेंड में है। ज्यादातर लोग इसे पसंद कर रहे हैं। खास बात यह है कि वुडेन फ्लोरिंग अपनी इंसुलेटिंग क्षमता के कारण लंबे समय तक खराब नहीं होती। इसे केवल 3-4 घंटों में ही रेडी किया या जा सकता है, क्योंकि तख्तों को एक-दूसरे के साथ एक विशेष बॉन्डिंग के साथ जोड़ते हुए इंटरलॉक किया जाता है। इसे लगाना आसान है। इसे लगाने पर लॉक करने के लिए 'टंग एंड ग्रूव' तकनीक या किसी चिपकाने वाले पदार्थ अथवा कीलों का प्रयोग करते हैं। बाजार में डिफरेंट पैटर्न और लुक में आपको वुडेन फ्लोरिंग के ऑप्शंस मिल जाएंगे।



**डिजाइनर नक्काशी:** इसे कवर्ड पैटर्न भी कहते हैं। इस पैटर्न में लकड़ी पर डिजाइनर नक्काशी की जाती है। यह एक बेहद खूबसूरत कला है। डिजाइनर नक्काशी वाली वुडेन फ्लोरिंग की कलर और अपीयरेंस, सूरज की रोशनी में और चमक उठता है।

**बॉक्स डिजाइंड पैटर्न:** इसे परक्यूट पैटर्न भी कहते हैं। फ्लोरिंग का यह पैटर्न आपके रूम को बिल्कुल नया और वार्म लुक देता है। बॉक्स डिजाइंड का यह पैटर्न चेस बोर्ड की तरह लाइट और ब्राइट कलर कॉम्बिनेशन में आता है, जिससे रूम को बहुत डिफरेंट और अट्रैक्टिव लुक मिलता है।

**हीरिंगबोन पैटर्न:** यह पैटर्न जिग-जैग डिजाइन में मिलता है। यह पैटर्न घर को रैंडम लुक देता है। वुडेन का क्रीमिश कलर मैचिंग दीवारों के साथ खूब फबता है।

**बॉर्डर पैटर्न:** वुडेन फ्लोरिंग का यह पैटर्न आपके फ्लोर के बॉर्डर को आउटलाइन करता है। इससे कमरे को फॉर्मल लुक मिलता है। अगर आप बिना डिजाइन की फ्लोरिंग चाहती हैं, तो इस वुडेन पैटर्न को चूज कर सकती हैं।

**जब संभव न हो रियल वुड फ्लोरिंग:** अगर आपको लगता है कि रियल वुडेन फ्लोरिंग आपके बजट में नहीं है, तो इस बात को लेकर अफसोस करने की जरूरत नहीं है कि आप अपने घर को खूबसूरत लुक नहीं दे पाएंगी। आधुनिक तकनीक की वजह से आज बाजार में ऐसी फ्लोरिंग उपलब्ध हैं, जो वुडेन न होने के बावजूद उस जैसी ही लगती हैं। इसे लगाकर आप कम खर्च में हार्डवुड जैसा एलिगेंट लुक डेकोर में ला सकती हैं। ये डिजाइन विनायल प्लैंक फ्लोरिंग यानी पॉली विनायल क्लोराइड (पीवीसी) से बनी होती है। यह एक बहुत ऊंची क्वालिटी का प्लास्टिक होता है, जिसके पीछे चिपकाने वाला पदार्थ लगाकर फ्लोर पर चिपका दिया जाता है। देखने में बिल्कुल हार्डवुड जैसी लगने वाली यह वुडेन फ्लोरिंग, वाटरप्रूफ भी होती है और इस पर दीमक भी नहीं लगती है।

**• वुडेन फ्लोरिंग की ऐसे करें केयर**

वुडेन फ्लोरिंग पर जमी धूल-मिट्टी को साफ करने के लिए सूखे कपड़े से ही पोंछें। हर 5-6 साल के अंतराल पर फर्श को पॉलिश जरूर कराएं। अगर कमरे की फर्श पर धूप आती है, तो वहां परदे का इस्तेमाल करें, क्योंकि धूप से लकड़ी का रंग फीका पड़ सकता है। फर्श पर पानी इकट्ठा न रहने दें, क्योंकि इससे लकड़ी खराब हो सकती है।



हेयर केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

## बालों की समस्याएं दूर करने में कारगर है नीबू

बढ़ते पॉल्यूशन और केमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स यूज करने की वजह से बहुत सी महिलाएं कम उम्र में ही बाल सफेद होने की समस्या का सामना करने लगती हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए यूज किए जाने वाले कई हेयर केयर प्रोडक्ट्स की वजह से बालों में अन्य प्रॉब्लम्स जैसे-डेंड्रफ, रूखे-कमजोर बाल, बालों का झड़ना, शुरू हो सकती हैं। इन सभी प्रॉब्लम्स से बचने के लिए आप नीबू का अलग-अलग तरह से यूज कर सकती हैं।

**नीबू का रस-कैस्टर ऑयल:** बाउल में एक चम्मच कैस्टर ऑयल (अरंडी का तेल) में तीन से चार बूंदें नीबू का रस मिलाकर उसे हल्का गुनगुना कर लें। इस मिश्रण से स्कैल्प पर अच्छे से मसाज करें फिर इसे आधे घंटे तक छोड़ दें। इसके बाद माइल्ड शैंपू से धो लें। इस मिश्रण को हफ्ते में दो-तीन बार लगाने से बेहतर परिणाम मिलेगा।



**नीबू रस-नारियल तेल:** किसी बाउल में एक बड़ा चम्मच नीबू का रस लें, उसमें एक बड़ा चम्मच नारियल का तेल मिलाएं। इस मिश्रण को स्कैल्प में अच्छे से लगाएं। फिर हल्के हाथों से मसाज करें। फिर आधे घंटे बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। जरूरत पड़ने पर कंडीशनर लगाएं। आप हफ्ते में सिर्फ एक बार ही इसे अप्लाई करें। इससे असमय बाल सफेद होना रुकेगा।

**नीबू रस-मेथी हेयर पैक:** अगर आप डेंड्रफ की समस्या से जूझ रही हैं तो नीबू के रस में मेथी दानों का पेस्ट बनाकर हेयर पैक बना लें। इस हेयर पैक को स्कैल्प पर लगा कर कुछ मिनटों के लिए छोड़ दें। बाद में ताजे पानी से धो डालें। इससे बालों को पोषण मिलेगा और डेंड्रफ से भी छुटकारा मिलेगा।

**नीबू का शैंपू:** नीबू का शैंपू बनाने के लिए मेहंदी पावडर में एक अंडा मिलाएं। उसमें एक कप गर्म पानी, आधा नीबू का रस मिलाएं। जब गाढ़ा पेस्ट बन जाए तो अपनी हथेली में इस शैंपू की कुछ बूंदें लेकर गीले बालों पर धीरे से मालिश करें। जब झाग बन जाए तो साफ पानी से धो डालें।



**एवोकाडो-नीबू शैंपू:** इसे बनाने के लिए एक एवोकाडो, 4 कप कैमोमाइल चाय, 1/4 कप ताजा नीबू का रस लें। एवोकाडो का गूदा, कैमोमाइल चाय, नीबू का रस अच्छी तरह ब्लेंड कर लें। इस मिश्रण को गीले बालों में लगाकर हल्के हाथों से मालिश करें। 15 मिनट तक लगा रहने दें। बाद में ठंडे पानी से अच्छी तरह धो लें।

डाइट एडवाइस
अंजू जैन

अच्छी सेहत बहुत हद तक पौष्टिक खान-पान की आदत और सही जीवनशैली पर निर्भर करती है। अगर हम खान-पान की सही आदतें और बेसिक रूल्स अपना लें, तो हेल्दी रह सकती हैं। कुछ यूजफुल डाइट रूल्स के बारे में जानिए।

## फॉलो करें डाइट रूल्स आप रहेंगी हेल्दी

हम सभी भूख लगने पर स्वादिष्ट भोजन करना चाहते हैं। इससे पेट भरता है, मन को संतुष्टि मिलती है। लेकिन भोजन केवल स्वाद के लिए नहीं शारीरिक-मानसिक सेहत को ध्यान में रखकर करना चाहिए। इसके लिए भोजन करने के कुछ नियमों का पालन करना जरूरी है।

**वैरायटी शामिल करें:** न्यूट्रिशन एक्सपर्ट्स का मानना है कि भोजन में रंग-बिरंगी सब्जियां, हेल्दी ऑयल, मेवे, दूध, फल आदि शामिल करने चाहिए। जापान में डाइट हैबिट पर किए गए शोध के नतीजे बताते हैं कि भोजन में वैरायटीज शामिल करने से आपको तरह-तरह के विटामिन और न्यूट्रिएंट्स मिलते हैं। आपको अपनी डेली डाइट में मौसमी सब्जियों और फलों को जरूर शामिल करना चाहिए। अगर आप नॉनवेज खाती हैं तो इसे सीमित मात्रा में ही खाएं। वेज फूड्स को प्रेफरेंस दें।

**ओवर ईटिंग से बचें:** अच्छी हेल्थ के लिए ओवर ईटिंग से बचना जरूरी है। जो भी खाएं, भूख से 10-15 फीसदी कम मात्रा में खाएं। स्वाद के कारण या दूसरों के दबाव में अगर आपने दिन में एक टाइम अधिक भोजन कर लिया है तो अगला भोजन हल्का लें।



कहने का अर्थ है कि अगर आपने किसी पार्टी में लंच अधिक कर लिया है या मीठा और ऑयली फूड अधिक खा लिया है तो डिनर में कम भोजन लें। अगर आप केवल सलाद खाएं तो यह सबसे बेहतर रहेगा। अगर आपने डिनर में हैवी खाना खाया है तो अगली सुबह जूस या सलाद लेना सही रहेगा।

**रुचि लेकर करें भोजन:** कई लोग भोजन करते वक्त फोन पर बातें करते हैं, व्हाट्सएप या फेसबुक चलाते हैं, न्यूज पेपर, मैगजीन पढ़ते हैं या फिर टीवी देखते हैं। कुछ लोग बहुत हड़बड़ी में भोजन करते हैं और इसे एक काम समझ कर निपटा देते हैं। इसी प्रकार कुछ लोग भोजन को सिर्फ पेट भरने का जरिया मानकर कुछ भी खा या पी लेते हैं या फिर बाजार से मंगवा कर जंक फूड खा लेते हैं। ऐसी सभी आदतें सेहत के लिए सही नहीं होती हैं। भोजन को रुचि के साथ पकाना और खाना चाहिए। तरह-तरह के स्वाद वाला पौष्टिक भोजन करना स्वास्थ्यवर्धक होता है। भोजन बनाने में अच्छी क्वालिटी वाली ताजी सब्जियां, मसाले, आटा, चावल आदि का इस्तेमाल करें। भोजन रुचिकर होने के साथ हाइजीनिक भी होना चाहिए। इसी प्रकार भोजन करते वक्त हर कौर का आनंद लें, चबाकर, पूरा स्वाद लेते हुए धैर्यपूर्वक भोजन करें ताकि उसका सही ढंग से पाचन हो और भोजन तन को लगे।



**स्वाद को न दें अधिक महत्व:** तेज मसालों और ज्यादा तेल में फ्राई किया हुआ चटपटा भोजन देखने और खाने में भले ही स्वादिष्ट और सुंदर लगता हो लेकिन यह सेहत के लिए काफी नुकसानदायक होता है। हर रोज रेस्तरां में जाकर या डिब्बाबंद भोजन खाने की आदत न डालें बल्कि हल्का और आसानी से डाइजेस्ट होने वाला भोजन करें। दिखने में आकर्षक भोजन की बजाए सेहत के लिए फायदेमंद भोजन को इंपॉर्टेंस दें।

**स्प्राउटेड-फर्मेंटेड फूड लें:** दही, ढोकला, इडली जैसे फर्मेंटेड फूड पेट की सेहत और पाचन के लिए फायदेमंद होते हैं। इनमें पोषक तत्व भी होते हैं। इसी प्रकार अंकुरित अनाज फाइबर, विटामिन और मिनरल्स के अच्छे सोर्स होते हैं। इनका नियमित सेवन बेहद जरूरी है।

**(डायटिशियन संगीता मिश्रा से बातचीत पर आधारित)**

# बाजार में जाम से मिलेगी राहत, पुरानी जेल के पास बनाई पार्किंग

शहर में अस्थाई पार्किंग बनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर में अब लोगों को जाम से राहत मिलेगी। उपमंडल नागरिक अधिकारी के आदेशानुसार नगर पालिका की ओर से शहर में अस्थाई पार्किंग बनाई गई है। नगर पालिका की ओर से पुरानी जेल के पास अस्थाई पार्किंग बनाई गई है। इसके अलावा नगर पालिका की ओर से शहर के बालाजी चौक के पास निजी धर्मशाला में पार्किंग बनाए जाने की तैयारी की जा रही है।

बता दें कि शहर में पार्किंग की व्यवस्था न होने के कारण बाजार में जाम के हालात बनने लगे थे। मजबूरी में लोग नो पार्किंग जोन में थे। इस कारण बाजार में निकलने की जगह नही रहती। हालत यह हो गए है कि दुपहिया वाहनों का निकला मुश्किल हो गया है। नगर पालिका, नागरिक अस्पताल, सीएसडी कैंटीन व बैंकों में बड़ी संख्या में लोग अपने काम से आते हैं, लेकिन आसपास कहीं पार्किंग न होने से ये लोग सड़क पर ही कार्यालय के बाहर वाहन खड़ा करने को मजबूर थे, जिससे सड़क में आने जाने का रास्ता नहीं बचता। बाजारों में तो बैंकों के आगे इतना बुरा हाल हो जाता है कि यहां से निकलना तक मुश्किल हो जाता है। कई बार तो लोग बाजार में वाहन खड़े करके इधर-उधर चले जाते हैं और वहां आने वाले वाहन फंस जाते हैं। तलाशने पर भी वाहन मालिक नहीं मिलता और जाम के हालात बन जाते हैं। आए दिन इस समस्या से लोग परेशान होते थे। बाजार में दुकानों के आगे दुकानदारों के वाहन तो पार्क रहते ही हैं। वहीं रेहड़ी भी खड़ी रहती हैं। शहर के सबसे बड़े शॉपिंग कॉम्पलेक्स में जाने वाले लोग भी अपने वाहन बाहर सड़क पर ही खड़ा करते हैं। त्योहारी सीजन के दौरान तो बाजार में पांव रखने तक की जगह नहीं बचती। ट्रैफिक पुलिस व होमगार्ड के बावजूद हालात सामान्य नहीं सड़कों पर भी रोजाना वाहनों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। इसी को देखते हुए नगर पालिका ने एसडीएम के आदेशानुसार नगर पालिका की ओर से पुरानी जेल के पास जमीन पर कचरे को हटा दिया गया है। नगर पालिका की ओर से पांच वर्षों से पांच जगहों पर अस्थायी पार्किंग बनाने के लिए योजना बनाई गई जो कागजों तक सिमटी रही।

**खास बातें**

- शहर में पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से हर वक्त बनी रहती थी जाम की समस्यां, शहर के लोग लंबे समय से उठा रहें थे मांग
- लोग सड़क पर ही वाहन खड़ा करने को मजबूर थे



महेंद्रगढ़। पुरानी जेल के सामने नगर पालिक की ओर से पार्किंग के लिए जमीन की करवाई गई सफाई। फोटो : हरिभूमि

**दुकानदार करें सहयोग**

उपमंडल अधिकारी के आदेशों पर पुरानी जेल के पास पार्किंग बनाई गई हैं। इसके अलावा बालाजी चौक पर भी निजी धर्मशाला में पार्किंग शुरू करने की योजना है। एक सप्ताह में योजना को धरातल पर उतारा जाएगा। दुकानदार भी योजना में नगर पालिका का सहयोग करें। **–रमेश सैनी, प्रधान, नगर पालिका, महेंद्रगढ़।**

**नपा की आय बढ़ेगी**

पार्किंग बनने से नगर पालिका की आय की साधन बनेगा। शहर में प्रतिदिन दो हजार दुपहिया वाहन और दो हजार के करीब चार पहिया वाहन पार्किंग के अभाव में इधर-उधर खड़े कर दिए जाते हैं। पार्किंग बनने से न केवल आय बढ़ेगी, बल्कि शहर में जाम जैसी समस्याओं से मुक्ति मिलेगी।

## खबर संक्षेप



### योग करना हमारी परंपराः कौशिक

**भिवानी।** आज के आधुनिक जीवन को यदि कोई स्वस्थ रख सकता है तो वह केवल नियमित योग करना है हम यदि अपने दैनिक जीवन काल में प्रतिदिन केवल 30 मिनट भी योग आसन प्राणायाम करते हैं तो हम अपने शरीर को स्वस्थ रख पाएंगे और एक स्वस्थ शरीर के साथ खुशहाल जीवन व्यतीत कर पाएंगे। उक्त कथन आयुष विभाग के आयुष योग सहायक गजानंद कौशिक ने व्यायामशाला दुर्जनपुर (सज्जनपुर) में सभी उपस्थित बच्चों को योग करवाते हुए कहे। आयुष योग सहायक ने बताया की पूरे जिला भिवानी में अनेक व्यायाम शालाओं में आयुष मंत्री आरती सिंह राव हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ0 जयदीप सिंह आर्य, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. रश्मि शर्मा के निर्देशन एवं जिला योग कॉर्डिनेटर डॉ0 संजय सिंह वैद, डॉ0 निशा खट्टर, डॉ0 हरीश चंद्र के मार्गदर्शन में नियमित योग कक्षाओं का नियमित आयोजन किया जा रहा है जिससे आमजन को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है, आयुष योग सहायक गजानंद कौशिक ने बताया की हम सभी के स्वास्थ्य रक्षण के लिए संकल्पकृत होकर कर्म बद्ध हैं।

### सीएम ने बजट पेशकर मिसाल कायम कीः रमेश

**भिवानी।** मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री नायब सिंह सैनी ने नायाब बजट पेश कर मिसाल कायम की। लाडो लक्ष्मी योजना, किसान की एमएसपी पर सभी 24 फसल खरीदने, पशुपालकों को देशी गाय खरीदने पर 30 हजार अनुदान देने, डंकी रूट से विदेशों में भेजने वाले एजेंटों के जाल से बचाने के लिए सरकार ने विदेशों में रोजगार, सहित हर वर्ग किसान मजदूर व्यापारी नौकरी पेशा महिला युवा का ध्यान रखा गया है। इस बजट में 2047 में विकसित भारत की तस्वीर की झलक दिखाई देती है।

### कनीना मंडी में नहीं हुई सरसों की आवक

**कनीना।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार 15 मार्च से सरसों की सरकारी खरीद शुरू हो चुकी है लेकिन कनीना मंडी में सोमवार तक सरसों की आवक शुरू नहीं हुई है। कनीना सब डिवीजन में किसानों द्वारा हाल ही में सरसों की कटाई शुरू की गई है जिससे हफ्तेभर बाद मंडी में सरसों पहुंचने की उम्मीद है। हालांकि खरीद के लिए उपमंडल प्रशासन व खरीद एजेंसी स्टेट वेयर हाफस एवं मार्केट कमेटी की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि कनीना मंडी में सरसों की खरीद के लिए मंडी में बिजली, पेयजल शौचलय व साफ-सफाई की उचित व्यवस्था की गई है। सरसों बेचते समय किसानों को किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5950 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है।

सदन में 13 में से नौ पार्षदों ने हाजिरी दर्ज करवाई

# 8.64 करोड़ के बजट से नांगल चौधरी का होगा विकास, स्वच्छता पर रहेगा फोकस

स्टांप ड्यूटी से नपा को होगी एक करोड़ की आमदनी, डेढ करोड़ राशि कर्मचारियों के वेतन पर होगी खर्च, दो करोड़ के विकास कार्यों का बना प्रपोजल



नांगल चौधरी। हाउस में बजट पर चर्चा करते हुए नपा पार्षद। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

नगर पालिका कार्यालय में चेयरपर्सन प्रिया सैनी की अध्यक्षता में हाउस की मीटिंग आयोजित हुई। जिसमें वित वर्ष 2025-2026 का बजट पेश किया तथा पार्षदों की समस्याएं सुनी गई हैं। बजट पेश के दौरान सदन में 13 में से नौ पार्षदों की हाजिरी दर्ज की गई है। नपा सचिव सौरभ जैन पार्षदों को बजट की प्रति मुहैया कराई ताकि प्रस्तावित योजनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श हो सके।

नपा सचिव ने बताया कि नगर पालिका नांगल चौधरी के द्वारा 2025-2026 साल में प्रस्तावित इनकम आठ करोड़ 64 लाख होने का अनुमान है। जिसमें डेंवलमेंट चार्ज, फायर टैक्स, प्रोप्टी टैक्स, किराया, बिजली टैक्स, स्टांप ड्यूटी, बिल्डिंग शुल्क सहित अन्य कई स्त्रोतों से नपा की आमदनी होगी। मोटे तोर पर 30 लाख बिजली टैक्स, 20 लाख प्रोपर्टी टैक्स, दो लाख फायर टैक्स, 90 लाख डेवलपमेंट चार्ज, एक करोड़ स्टांप ड्यूटी टैक्स, एक लाख विज्ञापन टैक्स, एक लाख किराया टैक्स, चार लाख 25 हजार बिल्डिंग चार्ज, ई मनी तीन लाख, दो लाख टैंडर फीस व लीज किराया आठ लाख सहित अन्य कई टैक्स वसुली का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा नपा ने 8.64 करोड़ रुपये ही खर्च करने का प्रपोजल तैयार किया है। इस बजट राशि से एक करोड़ 50 लाख रुपये स्टाफ कर्मियों को वेतन, नपा के चैयपमैन व पार्षदों का मानदेय, 10 लाख रुपये ऑफिस बिजली बिल व वीआईपी इंटरटेनमेंट, दो करोड़ रुपये डेवलपमेंट कार्य-दिवय नगर आदि योजना पर, एक करोड़ अन्य डेंवलपमेंट खर्चे, एक करोड़ डोर टू डोर कूड़ा उठान आदि पर, दो लाख लीगल खर्चे, पांच लाख प्रट्रोल-डीजल खर्चे व अन्य विकास कार्यो पर खर्च होना है। जोकि नांगल चौधरी के विकास कार्यों में खर्च होने है। नपा सचिव ने बताया कि जल्द ही सभी वार्डों में अधूरे पड़े विकास कार्यों को जल्द पूरा करवाया जाएगा। उन्होंने सभी वार्डों के पार्षदों से वार्डों में रूके हुए विकास कार्यो की लिस्ट तैयार करने के निर्देश दिए ताकि बजट पास कर सभी वार्डों में विकास कार्य तेजी से करवाए जाएं। जिससे लोगों को पानी, रोड़, बिजली, सीवर लाईन जैसी सुविधाएं उचित ढंग से मिल सके। इस मौके पर एमई सोहनलाल, योगेंद्र बाबू, नपा उप चैयरमैन मुकेश शर्मा, पार्षद कंवरसिंह जाखड़ आदि मौजूद रहे।

**इनकम के आधार पर तैयार हुआ बजट**

नपा के सचिव सौरभ जैन ने बताया कि इस बार के बजट में इनकम आय के जितना ही खर्च किया जाएगा। वार्डों में रूके हुए विकाय कार्यों को जल्द ही पूरा किया जाएगा। किसी भी कार्य में हल्की सामग्री प्रयोग में नहीं लाई जाएगी। जल्द ही विकास कार्यों की सूची बनाकर एजेंडा बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कोई धांधली नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही एस्टीमेट बनाकर इसी सप्ताह विकास कार्यों के टेंडर छोड़ दिए जाएंगे। वहीं चेयरमैन प्रिया सैनी मिडिया से जानकारी सांझा किए बिना ही मिटिंग के बाद वहां से तुरंत चली गई।



महेंद्रगढ़। कार्यालय में बैठक करने के बाद उपस्थित कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# एसई कार्यालय पर 11 से तीन बजे तक धरना दिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन मुख्यालय चरखी दादरी संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी एवं जिले की पांच ब्रांचो की बैठक सोमवार को जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय में हुई। मीटिंग की अध्यक्षता जिला प्रधान रमेश चंद यादव ने किया। इसके अलावा बैठक में मंच संचालन राधेश्याम शर्मा ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर 24 मार्च को एसई कार्यालय पर 11 से तीन बजे तक धरना दिया जाएगा। जिसमें सरकार कर्मचारी विरोधी नीतियों को अपना रही है, उसी के विरोध में यह धरना होगा। बैठक में सभी ब्रांच से आह्वन किया कि सभी कर्मचारी सही समय पर एसई कार्यालय पहुंचे।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर ब्रांच प्रधान अनिल फौजी, सचिव प्रवीण, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह, महेंद्रगढ़ पीडब्ल्यूडी प्रधान करण सिंह, सचिव सत्यप्रकाश, कोषाध्यक्ष राजाराम, सचिव श्योताज सिंह, कोषाध्यक्ष भगवान शर्मा, नारनौल ब्रांच प्रधान रमेश चंद यादव, सचिव राधेश्याम शर्मा, कोषाध्यक्ष कैलाश चंद सैनी, उपप्रधान दलिप यादव, नारनौल ब्रांच प्रधान बाबूलाल, सचिव जसविंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# सरसों की नहीं हो रही आवक किसान जुटे हैं लावणी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

प्रदेश सरकार की घोषणा के अनुरूप जिले की मंडियों में गत 15 मार्च से सरसों की सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीद जारी है, लेकिन मंडियों में कोई किसान सरसों लेकर नहीं पहुंच रहे। इसके पीछे फिलहाल सरसों का खेतों में खड़े होना एवं किसानों को लावणी में व्यस्त होना है। इसी कारण जिले का किसान सरसों लेकर मंडी नहीं पहुंच रहा, जिस कारण खरीद एजेंसियों समेत गेटपास बनाने वाले भी खाली बैठे हैं। यह स्थिति अभी करीब दस दिन और बने रहने की संभावना है, क्योंकि इस समूचे इलाके में सरसों की फिलहाल लावणी ही चल रही है। सरसों के सूखने उपरांत किसान खलिहानों में उसकी थ्रेसिंग करवाएंगे। सरसों निकालने उपरांत उसे सूखाने में कुछ दिन लगेंगे। उसके उपरांत उसे साफ–सुथरी करके ही मंडी लाएंगे।

स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

# नायन स्कूल में डॉक्टरों की टीम ने जांचा विद्यार्थियों का स्वास्थ्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नायन में सोमवार स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इसमें चिकित्सक टीम ने विद्यार्थियों के खून की जांच, आंख, लंबाई, वजन व सामान्य हेल्थ चैकअप किया गया। इस अवसर पर चिकित्सक प्रवीण व चिकित्सक कविता की टीम ने विद्यार्थियों को बेहतर स्वास्थ्य होने के टिप्स दिए। इस कैंप का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य नीतू यादव ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के प्रति भी संस्थान गंभीर है।



नारनौल। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच करती चिकित्सक टीम। फोटो :हरिभूमि

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने करवाया जागरूकता कार्यक्रम

**भिवानी।** विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डी. आर. चालिया के निर्देशानुसार एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीजेएम-कम-सचिव पवन कुमार ने की, जिसमें मध्यस्थों, पैनल अधिवक्ताओं और पैरा लीगल वालंटियर्स को विभिन्न कानूनी विषयों पर जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता अनुराधा ने कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 पर विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यह कानून कार्यस्थल पर महिलाओं को सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण प्रदान करने के लिए लागू किया गया है। इसमें किसी भी प्रकार के यौन उत्पीड़न की शिकायत करने, जाँच प्रक्रिया और निवारण उपायों की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में लीगल एड डिफेंस काउंसलर की डिप्टी चीफ एडवोकेट बबली पवार ने शिक्षा का हकः नई राह, नई पहचान नामक विशेष अभियान पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि यह अभियान समाज के कमजोर वर्गों, विशेषकर बच्चों और महिलाओं को शिक्षा के अधिकार और कानूनी सहायता के प्रति जागरूक करने के लिए चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत गरीब और वंचित बच्चों को मुफ्त शिक्षा दी जा रही है।

# दैनिक रेल यात्री संघ के प्रयासों से मिली मदार–रोहतक ट्रेन

हरिभूमि न्यूज नारनौल

दैनिक रेल यात्री संघ द्वारा पिछले 90 दिनों से नारनौल क्षेत्र में रेल सेवाओं में बढ़ोतरी के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं। इनमें मदार रोहतक ट्रेन के पुनःसंचालन व रिंगस से दिल्ली सराय रोहिल्ला के लिए एक नई ट्रेन की मांग शामिल है। इन मांगों के लिए संघ द्वारा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, पीएमओ, जीएम नॉर्थ वेस्ट रेलवे, डीआरएम जयपुर नॉर्थ वेस्ट रेलवे व महेंद्रगढ़ भिवानी लोकसभा सांसद धर्मवीर चौधरी को भी ज्ञापन सौंपा गया था। इन्हीं कोशिशों का परिणाम है कि मदार रोहतक ट्रेन का पुनः संचालन हो पाया है।

नारनौल, रेवाड़ी मार्ग पर बहुत सी लंबी दूरी की ट्रेन चलाई गई, लेकिन सजग प्रयास न होने व आम जनता द्वारा रेल समय सुधार की आवाज बुलंद न होने के कारण रेलवे द्वारा गलत समय प्रबंधन कर इन ट्रेनों को चलाया गया। परिणामस्वरूप इन ट्रेनों में यात्री भार नहीं बढ़ा, क्योंकि ये ट्रेनें भी मदार रोहतक ट्रेन की तरह रेवाड़ी से नारनौल के बीच दो घंटे से ऊपर का समय लगा रही थी।

बाद में रेलवे द्वारा इन ट्रेनों को बंद कर दिया गया। दैनिक रेल यात्री संघ के अध्यक्ष गणेश शर्मा सभी सदस्यों के साथ मिलकर मदार रोहतक ट्रेन के नारनौल से रेवाड़ी के समय मार्जन 2 घंटे से कम करके एक घंटे करवाने की मुहिम चलाई हुई है। साथ ही रींगस से दिल्ली सराय रोहिल्ला के लिए एक नई ट्रेन चलाने की मांग रेलवे के उच्च अधिकारियों के साथ-साथ सांसद महोदय को भी की है। इसी कड़ी में दैनिक रेल यात्री संघ द्वारा आगामी 20 मार्च से जन-जन हस्ताक्षर अभियान शुरू किया जाएगा।



- दैनिक रेल यात्री संघ 20 से जन-जन हस्ताक्षर अभियान शुरू करेगा

**सूचना**

मै, देशराज पुत्र श्री रत्न सिंह निवासी गांव हालुवास माजरा देवसर तह. व जिला भिवानी बयान करता हूँ कि मेरा आर्मी नं. JC-483188K, रैंक-नायब सुबेदार हूँ और मैं राजपुत रैजिमेंन्ट की 23वीं बटालियन में कार्यरत हूँ। मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम संतोष देवी व जन्म तिथि 12. 06.1985 दर्ज है जोकि गलत है। मेरी पत्नी का वास्तविक नाम संतोष व जन्म तिथि 24.12.1987 है जोकि उसको आईडियों व स्कूल के रिकार्ड के अनुसार सही है। इसलिए मेरे सर्विस रिकार्ड में इसको सही किया जाए।

उपलब्धि | अक्टूबर 2025 में इंडोनेशिया में होने वाली चैंपियनशिप में करेगी देश का प्रतिनिधित्व

# गांव गुढ़ा की प्रतिभावान बेटी सारिका ने बेंगलुरू में आयोजित मैराथन में कांस्य पदक जीत बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज कनीना

मैराथन में हिस्सा लेने वाली गुढ़ा गांव की बेटी सारिका ने हाल ही में बेंगलुरू में आयोजित 45वीं मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल किया है। अब आगामी अक्टूबर-2025 में इंडोनेशिया में आयोजित होने वाली चैंपियनशिप में वह भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। जिसे लेकर परिजनों एवं ग्रामीणों ने खुशी जताई है। कनीना विकास खंड के गांव गुढ़ा निवासी सारिका दिल्ली पुलिस में बतौर एचसी कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि वह साल 2006 में दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल पद पर भर्ती हुई थी। ड्यूटी से घर लौटने पर पार्क में सैर पर जाने लगी। वहां उन्होंने उन्य महिलाओं की प्रेरणा से दौड़ लगाना शुरू कर दिया। उसके बाद जब मैराथन का आयोजन हुआ तो उन्होंने उसमें अपना प्रतिनिधित्व किया। जिसमें उन्हें श्रेष्ठ स्थान मिला। इसके बाद पार्क की सैर दौड़ में बदलने लगी ओर सारिका ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। सारिका ने पिछले करीब डेढ वर्ष में आठ हाफ मैराथन 21 किलोमीटर, 14 मैराथन 10 किलोमीटर, छह मैराथन पांच किलोमीटर की पूरी कर चुकी है। स्वास्थ्य को फिट रखने के लिए वह प्रतिदिन आठ-दस किलोमीटर तक दौड़ लगाती है। पिछले दिनों में दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित 10 व पांच किलोमीटर दौड़ में उन्होंने गोल्ड मैडल प्राप्त किया था। उसके बाद उन्होंने कांतिरावा खेल स्टेडियम बैंगलौर में आयोजित 45वीं नैशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में पांच हजार मीटर दौड में कांस्य पदक हासिल किया है। ये पांच दिवसीय प्रतियोगिता नौ मार्च तक आयोजित की गई थी। जिसमें देश के सभी राज्यों से प्रतिभागी शामिल हुए थे। इस प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त करने के बाद सारिका का चयन एशियन ओर विश्व मास्टर्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए हुआ है। सारिका ने बताया कि साल 2003 में उनकी शादी सिसोठ महेंद्रगढ़ वासी अनिल यादव के साथ हुई थी। जो उस समय भारतीय सेना के सिपाही थे। उनकी बेटी हिमांशु यादव मेडिकल की पढ़ाई कर रही है।





कनीना। बेंगलोर में आयोजित 45वीं मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त करती बेटी सारिका। फोटो : हरिभूमि



## एसडीएम ने सभी शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुना व विभागीय अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए

**चरखी दादरी।** समाधान शिविर में एसडीएम आशीष सांगवान ने जनशिकायतों की सुनवाई करते हुए संबंधित मामलों में अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर समाधान शिविर में आने वाली हर एक शिकायत पर उचित एवं प्रभावी कार्रवाई करवाए जा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर उपायुक्त मुनीश शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किए गए समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र, जमीनी विवाद और अन्य विभागों से संबधित शिकायतों की सुनवाई की। एसडीएम ने इन सभी शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुना तथा विभागीय अधिकारियों को न्यायोचित कार्रवाई के निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि लघु सचिवालय के सभागार में रोजाना कार्य दिवस के दिन सुबह दस से 12 बजे तक समाधान शिविर लगाया जा रहा है। एसडीएम ने बताया कि जिला मुख्यालय के अलावा उपमंडल स्तर पर बाढड़ा में भी शिविर लगाए जाते हैं, जिससे कि आमजन को अपनी शिकायतों का समाधान करवाने के लिए अधिक समय तक भटकना ना पड़े और एक ही स्थान पर उनकी समस्या का निवारण कर दिया जाए। इसी उद्देश्य से प्रमुख विभागों के अधिकारी व कर्मचारी समाधान शिविर में उपस्थित रहते हैं।

**प्ररूप संख्या आईएनसी–26**
{कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में}
**केन्द्र सरकार, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली के समक्ष**
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 (5) (ए) के मामले में
और
**नोबल क्लोरो–कैम प्राइवेट लिमिटेड**
**(सीआईएन: U24246HR1993PTC031933)**
जिसका पंजीकृत कार्यालय : **6, एम.सी. कॉलोनी, रोहतक रोड, भिवानी, हरियाणा, भारत – 127021** में हैं, के मामले में
**....आवेदक कंपनी /याचिकाकर्ता**

एतद्द्वारा सार्वजनिक सूचना दी जाती है कि यह आवेदक कंपनी केन्द्रीय सरकार के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) के अधीन आवेदन का प्रस्ताव करती है, जिसमें कंपनी का पंजीकृत कार्यालय **"हरियाणा राज्य" से "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली"** में स्थानांतरित करने के लिए **25 फरवरी, 2025** को आयोजित असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के संदर्भ में कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में बदलाव की पुष्टि करने की मांग की गई है।

कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति या तो **निवेशक शिकायत प्ररूप फाइल कर एमसीए–21 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज कर सकता है** या एक शपथ पत्र जिसमें उनके हित का प्रकार और उसके विरोध का कारण उल्लिखित हो, के साथ अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से चौदह (14) दिनों के भीतर **क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, बी–2 विंग, दूसरा तल, पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्पलैक्स, नई दिल्ली–110003** पर पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकता है और इसकी प्रति आवेदक कंपनी को उनके निम्नलिखित पंजीकृत कार्यालय पते पर भी भेजें।

**6, एम.सी. कॉलोनी, रोहतक रोड, भिवानी, हरियाणा, भारत – 127021**

आवेदक के लिए और आवेदक की ओर से
**नोबल क्लोरो–कैम प्राइवेट लिमिटेड**
हस्ता /–
**दिनांक :** 17.03.2025 **कैलाश चंद गुप्ता** (निदेशक)
**स्थान :** भिवानी **डीआईएन :** 00245270

## खबर संक्षेप

### पूर्व सांसद डॉ. डीपी वत्स की माता का निधन

**भिवानी।** पूर्व राज्यसभा सांसद जनरल डॉ. डीपी वत्स की माता 97 वर्षीय हर कौर का 16 मार्च को निधन हो गया, उनका अंतिम संस्कार हिसार के गांव थुराना में किया गया। म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान कौशिक ने कहा कि हरकौर के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि स्वर्गीय हरकौर एक धर्मप्रायण महिला थी। उन्होंने अपना पूरा जीवन जरूरतमंद लोगों की सेवा में लगा दिया।

### एसडीएम आशीष ने की फसल गिरदावरी की जांच

**चरखी दादरी।** दादरी के एसडीएम आशीष सांगवान ने तहसील क्षेत्र में गिरदावरी की मौके पर जाकर जांच पड़ताल की और राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ मौके पर मुआयना करते हुए सजरा व टैब में दर्ज जानकारियों का मिलान किया। उन्होंने फसलों की गिरदावरी की पड़ताल करते हुए राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय-समय पर स्वयं भी गिरदावरी में दर्ज जानकारी का फिल्ड में जाकर मिलान करें।

### आठवें वेतन आयोग के गठन की उठाई मांग

**भिवानी।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर जिला ईकाई ने उपायुक्त कार्यालय पर कर्मचारी जन असैम्बली का आयोजन किया। प्रांतीय महासचिव रतन कुमार जिंदल ने कहा कि कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के कैम्प कार्यालय कुरुक्षेत्र मे 15 व 16 फरवरी को धरना दिया था, लेकिन हरियाणा सरकार द्वारा कर्मचारियों की लम्बित पुरानी पेंशन बहाली, हरियाणा सरकार अपना अलग से 8वां वेतन आयोग का गठन करने तथा 5000 रुपये अंतरिम सहायता देने की मांग की थी।

### राष्ट्रपति भवन की सैर करवाएगी बेटी सुलेखा

**भिवानी।** जिले की बेटी सुलेखा कटारिया ने अपनी प्रतिभा से पूरे प्रदेश को गर्व महसूस करवाया है। देशभर की टॉप 15 प्रतिभाओं में स्थान बनाकर उन्होंने राष्ट्रपति भवन में पेंटिंग वर्कशॉप में भाग लिया। खास बात ये रही कि हरियाणा से वे सबसे कम उम्र की एकमात्र प्रतिभागी थीं, जिन्होंने ये गौरव हासिल किया। पांच मार्च को गांव में सुलेखा के सम्मान समारोह का आयोजन किया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हुए।

### नरेश श्रीकृष्ण कृपा जीयो गीता समिति के जिलाध्यक्ष

**भिवानी।** श्रीकृष्ण कृपा जीयो गीता समिति के पुनर्गठन को लेकर कृष्णा कॉलोनी चौक स्थित महेंद्र मैमोरियल ट्रस्ट एवं श्रीकृष्ण कृपा जीयो गीता समिति के धाम में मीटिंग का आयोजन किया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के आदेश अनुसार मीटिंग का आयोजन राधेश्याम एवं विजयपाल के नेतृत्व में हुआ। इस मौके पर सर्वसम्मति से बजरंग बली कॉलोनी निवासी नरेश आहुजा को श्रीकृष्ण कृपा जीयो गीता समिति का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया व बधाई दी। राधेश्याम एवं विजयपाल ने कहा कि उन्हे पूरा विश्वास है कि नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गीता के प्रचार-प्रसार करेंगे।

### जिला न्यायालय ने आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका की खारिज

# दुष्कर्म के आरोपी पुलिस अधिकारी की गिरफ्तारी को लेकर किया प्रदर्शन

**जन न्याय मोर्चा ने पीड़िता को न्याय दिलाने की उठाई मांग, सौंपा ज्ञापन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी





भिवानी। दुष्कर्म के आरोपी पुलिस अधिकारी की गिरफ्तारी को लेकर ज्ञापन सौंपते जन न्याय मोर्चा के पदाधिकारी व सदस्य व लघु सचिवालय परिसर के बाहर जन न्याय मोर्चा के धरने को संबोधित करती महिला। फोटो : हरिभूमि

जन न्याय मोर्चा ने सरकारी स्कूल की बारहवीं कक्षा छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी पुलिस सब इंस्पेक्टर की गिरफ्तारी व पीड़ित छात्रा के सगे चाचा पर दर्ज झूठा मुकदमा रद करने की मांग को लेकर शहर में प्रदर्शन कर रोष जताया। इसके बाद महिला एवं बाल विकास व सिंचाई मन्त्री श्रुति चौधरी के विजय नगर स्थित आवास पर जाकर उनके पीए हनुमान को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन मुख्यालय से पुराने बस स्टैंड व हांसी गेट से होते हुए मन्त्री की कोठी पर पहुंचा। विश्वस्त सूत्रों से पता लगा है कि पीड़ित छात्रा के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म आरोपी पुलिस सब इंस्पेक्टर ने जिला स्तर पर संबंधित अदालत में अग्रिम जमानत के लिए याचिका लगाई थी, उसे माननीय न्यायालय ने रद कर दिया है। जुलूस का नेतृत्व जन न्याय मोर्चा के नेता एवं राज्य पिछड़ा वर्ग के प्रधान राजेन्द्र तंवर, पूर्व कर्मचारी एवं किसान नेता मास्टर शेरसिंह कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आरोपी पुलिस अधिकारी के विरुद्ध मामले की प्राथमिकी दर्ज होने के 27 दिन बाद भी पुलिस अपनी जांच पड़ताल पूरी नहीं कर पाई और आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया हैं। पुलिस के द्वारा आरोपी को घटित अपराध के साक्ष्यों को मिटा देने के लिए अवसर देना का काम किया जा रहा है। जिला पुलिस प्रशासन पीड़ित छात्रा को न्याय देने के प्रति गंभीर नहीं है, इसलिए उन्हें आन्दोलन करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने पीड़ित छात्रा के सगे चाचा पर दर्ज मामले में पीड़ित पक्ष पर दबाव डालने के लिए झूठी प्राथमिकी दर्ज करवाई थी, उसे भी रद नहीं किया है, ये गंभीर मामला है। उन्होंने पुलिस प्रशासन को आगाह किया कि जब तक जन न्याय मोर्चा की दोनों मांगों का समाधान नहीं होगा, तब तक आन्दोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन में मोर्चा सह संयोजक सन्दीप कालू, कर्मचारी नेता नरेन्द्र दिनोद, राजा चांग, रेनू शर्मा, सुखदेव पालुवास, सन्दीप, सरोज, सुनीता, सन्तोष आदि मौजूद रहे।



भिवानी। नए जिला अध्यक्ष को कार्यभार ग्रहण करवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

# विरेंद्र कौशिक बने भाजपा के नए भिवानी जिला अध्यक्ष

- संगठनात्मक मजबूती के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक : पूर्व मंत्री संजय सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश भर के 22 जिलों में 27 नए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा की है। इन नियुक्तियों को लेकर रविवार को प्रत्येक जिले में नोमिनेशन फॉर्म भरे गए थे तथा सोमवार को जिला अध्यक्षों की नियुक्तियां की गई। इसी कड़ी में भिवानी से विरेंद्र कौशिक को भाजपा का नया जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कौशिक की नियुक्ति पर सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी कार्यकर्ताओं ने उन्हे फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया तथा बधाई दी तथा चुनाव प्रभारी एवं पूर्व मंत्री संजय सिंह व पूर्व जिला अध्यक्ष मुकेश गौड ने फूल-मालाएं पहनाकर व मिठाई खिलाकर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को कुर्सी पर बैठाकर पदभार संभलवाया। इस कार्यक्रम में विशेष तौर पर चुनाव प्रभारी एवं पूर्व मंत्री संजय सिंह भी पहुंचे।

**निष्ठा से कार्य करेंगे**

चुनाव प्रभारी एवं पूर्व मंत्री संजय सिंह ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक संगठनात्मक मजबूती के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे तथा जमीनी कार्यकर्ताओं की आवाज बनकर कार्य करेंगे। वही पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए पूर्व मंत्री संजय सिंह ने कहा कि मंत्री अरविंद शर्मा व विधायक रामकुमार गौतम की कहासुनी पर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में पूर्व मंत्री संजय सिंह ने कहा कि विधानसभा कार्रवाई में ऐसा नहीं बोलना चाहिए।

# कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

- धनाना की टीम रही प्रथम, विनीत खरकड़ा रहे बेस्ट रैडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। प्रदेश स्तरीय सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता के बेस्ट रैडर को सम्मानित करते डा. फूल सिंह धनाना।

धनाना में निर्माणाधीन बाबा ब्रह्मचारी गोशाला में प्रदेश स्तरीय सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 29 टीमों ने भाग लिया तथा सभी खिलाडिय़ो ने अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आयोजन बाबा ब्रह्मचारी गौशाला निर्माण कमेटी व गांव के गणमान्य व्यक्तियों की देखरेख में किया गया। बाबा ब्रह्मचारी गौशाला कमेटी के कोषाध्यक्ष नरेश रोहिल्ला व डा. फूल सिंह धनाना ने बताया कि सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता में प्रदेश भर की 29 टीमों ने हिस्सा लिया था। जिसमें पहले स्थान पर धनाना की टीम, द्वितीय स्थान पर गद्दी खेड़ी की टीम रही। जिन्हे क्रमशः एक लाख 11 हजार रूपये व 81 हजार रूपये की नगद राशि से सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के बेस्ट रैडर का ईनाम विनीत खरकड़ा के नाम रहा। उन्होंने कहा कि सर्कल कबड्डी पारंपरिक कबड्डी का एक तेज़ और आक्रामक संस्करण है, जो ना केवल खिलाडिय़ों की शारीरिक क्षमता बल्कि उनकी रणनीतिक सोच और सहनशक्ति को भी परखता है। उन्होंने कहा कि सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता देशी खेलों को संरक्षित और प्रचारित करने में मदद करती है। इस मौके पर बाबा ब्रह्मचारी कमेटी के सदस्य व अन्य गणमान्य व्यक्ति जिनमें रामपाल प्रधान, शमशेर उपप्रधान, बलबीर पीटीआई सचिव, आईजी राजपाल सिंह, मनीष फौजी, सुबेदार हरिकिशन आदि मौजूद रहे।

# एक साथ चुनाव के सकारात्मक पहलू बताए

- वन नेशन वन इलेक्शन से देश पर नहीं पड़ेगा अतिरिक्त भार : डॉ. जंगवीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी




भिवानी। सूचना आयुक्त डॉ. जगबीर सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट करते आयोजक।

अंचल मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल में रविवार को 'वन नेशन वन इलेक्शन' के विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार का उद्देश्य देश में एक साथ चुनावों के महत्व और इससे जुड़ी आवश्यकताओं पर चर्चा करना हुई।

कार्यक्रम में वन नेशन वन इलेक्शन के राज्य सह-संयोजक नरेंद्र भारती, हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त डॉ. जंगबीर सिंह, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. पवन शर्मा और एडवोकेट गोपाल कृष्ण पोपली ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। सेमिनार में नीमा व आईएमए से जुड़े चिकित्सक भी मौजूद रहे। वन नेशन वन इलेक्शन के राज्य सह-संयोजक एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नरेंद्र भारती ने 'वन नेशन वन इलेक्शन' के बारे में कहा कि देश की राजनीतिक स्थिरता और विकास के लिए यह एक सकारात्मक पहल है। उन्होंने नीति के लाभों पर प्रकाश डाला और इसे लागू करने के लिए सरकार और जनता के बीच सहयोग की आवश्यकता बताई।

**लोकतंत्र होगा मजबूत**

सेमीनार में पूर्व विधायक डॉ. शिवशंकर भारद्वाज, डॉ. कृष्ण कुमार, आईएमए के प्रधान डॉ. एनके गर्ग, नीमा प्रधान डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. आरबी गोयल, बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट संदीप तंवर, सचिव एडवोकेट विनोद भारद्वाज, डॉ. नरेंद्र शर्मा, डॉ बीएस गुप्ता, डॉक्टर अनीता अंचल, डॉ. मनोज दादरवाल, डॉ. कृष्ण, डॉ. हिमांशु अंचल, आईडीए हरियाणा के उपप्रधान डॉ. विनोद पंवार, डॉ. संजय वैद, छात्र नेता कमल सिंह प्रधान आदि मौजूद रहे। राज्य सूचना आयुक्त डॉ. जंगबीर सिंह ने 'वन नेशन वन इलेक्शन' के विचार को भारतीय लोकतंत्र की मजबूती के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इस नीति से न केवल चुनावी प्रक्रिया को सरल बनाया जा सकेगा, बल्कि ये देश की राजनीति और प्रशासनिक प्रणाली को भी सशक्त करेगा।

# स्टाफ सहित स्कूल संचालक उतरेंगे सड़कों पर

- प्राइवेट स्कूल नहीं करेंगे किसी सरकारी कार्यक्रम में सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। पत्रकारों से बातचीत करते प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य।

प्रदेश में चल रही अवैध प्राइवेट कोचिंग अकेडेमियों को बंद करवाने को लेकर प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष रामअवतार शर्मा की अध्यक्षता में भिवानी के प्राइवेट स्कूलों के एक मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग के बाद पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए रामअवतार शर्मा ने कहा कि 20 मार्च तक यदि जिला प्रशासन इन अवैध अकादमियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करता है तो सभी स्कूल संचालक, अपने स्टाफ के साथ जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करके धरना देंगे।

यदि जिला प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करता है तो जिले के प्राइवेट स्कूल किसी भी सरकारी कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लेंगे, न ही अपने यहाँ कोई एग्जाम सेंटर बनाएंगे, न ही किसी अन्य प्रकार का सहयोग करेंगे। रामअवतार शर्मा ने कहा कि शहर में बड़ी संख्या में कोचिंग अकडेमी चल रही हैं। इन अकडेमी की सरकार या शिक्षा विभाग से कोई मान्यता नहीं है, फिर भी ये पहली से लेकर बाहरवीं तक की कक्षाओं के बच्चों को स्कूल समय में कक्षा लगाकर पढ़ाते हैं। ये पैरेंट्स को झूठ बोलकर बच्चों को दाखिल कर लेते हैं। जब तक पेरेंट्स को इनकी सच्चाई पता चलती है तो बहुत देर हो चुकी होती है। मान्यता न होने की वजह से इन पर कोई नियम लागू नहीं होते, न इनके पास बच्चों को सुरक्षित रखने के बिल्डिंग सेफ्टी, फायर सेफ्टी सर्टिफकेट होती है, न ही पीने के पानी और शौचायलय जैसी कोई वयवस्था। छोटे-छोटे कमरों में सैकड़ों बच्चों को पढ़ाते हैं। इस प्रकार से बच्चे न तो पढाई की दृष्टि से न ही अन्य कारणों से यहाँ सुरक्षित हैं। स्कूल समय में अकडेमी में कक्षाएं लगाकर ये शिक्षा विभाग के नियमों की खुलेआम अवहेलना कर रहे हैं।.र

वर्ष 2024 से पहले तक तो प्राइवेट अकेडेमियों को मान्यता देने के नियम नहीं थे लेकिन फरवरी 2024 में अब सरकार ने हरियाणा निजी कोचिंग संस्थानों का पंजीकरण और विनियम विधेयक लागू कर दिया। इस एक्ट के हिसाब से सभी कोचिंग संस्थानों को तीन महीने के अंदर मान्यता लेनी थी, लेकिन किसी भी अकादमी ने आजतक मान्यता नहीं ली है, इस प्रकार सभी अकादमियां अवैध हैं और बिना मान्यता के चल रही हैं। बच्चों के हित को देखते हुए जिला प्रशासन को इन अवैध और गैरमान्यता अकेडेमियों को बंद करवाना चाहिए।

**बिना मान्यता चल रहे**

रामअवतार शर्मा ने कहा कि जो स्कूल इन अकेडेमियों के बच्चों को अपने यहाँ एडजस्ट करते हैं उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे ही शहर में जिन प्ले स्कूलों के पास मान्यता नहीं है उन्हें भी बंद किया जाए। इस अवसर पर शमशेर सिंह, संजीव श्योराण, यतिंदर नाथ, कर्ण मिरग, कमला गुरेजा, आनंद बसिया, श्रद्धानन्द नुनसर, विमलेश आर्य, दीपक शर्मा, परवीन सोनी, डीपी कौशिक, निश्छल गोयल व अन्य स्कूल संचालक उपस्थित थे।

# चेयरमैन के स्वागत में जुटे वार्डवासी

- चेयरमैन बोले विकास के मामले में कोई भेदभाव नहीं होगा

दीपक कुमार डुमड़ा ⏭ बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा। विधायक व नवनिर्वाचित चेयरमेन का स्वागत करते हुए।

बवानी खेड़ा नगर पालिका चुनावों में भाजपा को मिली भारी बढ़त के कारण भाजपा नपा चेयरमैन प्रत्याशी सुंदर अत्री को चेयरमैन चुना गया। वहीं चेयरमैन बनते ही उन्होंने शहर की जनता के आगे नतमस्तक होकर शीश नवाया और कहा कि वे यहां की 36 बिरादरी का एहसान कभी नहीं चुका सकेंगे।

इसी को लेकर भिन्न-भिन्न वार्डों में उनके व विधायक कपूर वाल्मीकि के स्वागत के लिए लोगों ने जलपान की व्यवस्था शुरू कर दी तो वहीं चेयरमैन सुंदर अत्री ने भी धन्यवादी दौरा शुरू किया। नवनियुक्त चेयरमैन सुंदर अत्री ने लोगों को धन्यवादी दौरे में बताया कि यहां की जनता ने जो विश्वास उन पर किया और पार्टी के शीर्ष नेताओं ने जहां कमी लगी वहां उसकी पूर्ति की है उसके लिए वे सदा सभी के ऋणी रहेगें।

उन्होंने कहा कि हर वार्ड में विकास करवाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। किसी भी वार्ड पार्षद या वार्ड के साथ भेदभाव की नीति नहीं अपनाई जाएगी। छोटे बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक को हक है कि वह अपनी समस्या बारे आकर उनसे मिले ताकि समस्या का समाधान करवाया जा सके। उन्होंने सभी से शांति बनाए रखने की भी अपील की।

### युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट का जागरूकता रथ रवाना

**भिवानी।** कुरूक्षेत्र के केशव पार्क में 18 से 27 मार्च तक 102वें जनकल्याण 1008 कुंडीय शिव शक्ति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे। इस धार्मिक कार्यक्रमों के बीच लोगों को विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर जागरूक करने के उद्देश्य से युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट के बैनर तले जागरूकता रथ यात्रा सोमवार को भिवानी से रवाना हुआ। जागरूकता रथ यात्रा हनुमान जोहड़ी मंदिर के महंत चरणदास महाराज के सान्निध्य में हनुमान जोहड़ी मंदिर से रवाना हुआ।

महंत चरणदास ने बताया कि कुरूक्षेत्र में होने वाले धार्मिक आयोजन में देश-विदेश से हजारों श्रद्धालुगण पहुंचेंगे, जिन्हें रथयात्रा के माध्यम से जल एवं पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अपनाने व नशे से दूर रहने सहित विभिन्न सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूक किया जाएगा, ताकि नागरिक इस दिशा में अपने सकारात्मक कदम बढ़ाकर एक सभ्य नागरिक होने का परिचय दे सकें। महंत चरणदास ने बताया कि भिवानी से रवाना हुआ रथ 10 दिनों तक लोगों को विभिन्न सामाजिक मुद्दों बारे जागरूक करेगा। इस अवसर पर रमेश सैनी, दीपेंद्र परमार, हरीश शांडिल्य, विजय सिंहमार, राजकुमार हलवाई, मुकेश शर्मा, आनंद ड्राइवर, धीरज कक्कड़, रविंद्र कुमार मित्तल, मुकेश शर्मा, कृष्ण शर्मा, बिल्लू रिढ़लाण आदि मौजूद रहे।

**जय हिन्द आयुर्वेद एवं इलेक्ट्रो होम्योपैथी**

भिवानी का पहला हेल्थ केयर जहां नाड़ी डिजिटल मशीन से देख कर रिपोर्ट कार्ड साथ दिया जाता है ताकि उचित इलाज किया जा सके।

- जैसे गाड़ी की सर्विस करवाते हो वैसे ही अपनी बॉडी की सर्विस करवाए ताकि बीमारी पास ही न आए।
- सभी बीमारियों का इलाज दवा से और बिना दवा के।
- लीपोमा की गांठ बिना ऑपरेशन इलाज।
- पीत पथरी, किडनी की पथरी,पेट की सभी बीमारी का इलाज।
- शुगर का इलाज,बवासीर और भगंदर का इलाज।
- औरतों की सभी बीमारी का इलाज।
- एक ही जगह सभी थैरपी फिजियो थैरपी, नाचरोथर्पी (मिट्टी पानी से इलाज), एक्यूप्रेशर थैरपी,कप थैरपी, योगा थैरपी, और बिना किसी साइड इफेक्ट के इलेक्ट्रो होम्योपैथी से सभी बीमारी का इलाज।
- सभी थेरेपी का डिप्लोमा और अनुभवी डॉक्टर द्वारा ट्रेनिंग दी जाती है।
- अपने बॉस खुद बने और बेरोजगारी से मुक्ति पाए महीने का 30/50 हजार कमाए खुद थेरेपिस्ट बनें।

**Dr. Krishan Singh**
(Naturopath) (रिटायर्ड फौजी)
BEMS, DNYS (MD), D.Ay.A, D.ma.T, D.Ay, D.P.K., DPT

मकान न. 4, पटेल नगर, सीआईडी ऑफिस के सामने, भिवानी
सम्पर्क सूत्र: 6005452863

### किसान सभा के पदाधिकारियों ने अधिकारियों से की मुलाकात

# कृषि ट्यूबवेल कनेक्शनों को लेकर सौंपा ज्ञापन

- 3-4 लाख रुपये जमा करवाने के बाद भी कनेक्शन जारी नहीं किया जाना रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। बिजली निगम के एसई व एक्सईएन से मुलाकात करते किसान सभा के पदाधिकारी।

अखिल भारतीय किसान सभा के पदाधिकारियों की बैठक अधीक्षक अभियंता (ऑपरेशन) दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता एसई विजेन्द्र लाम्बा ने की तथा एक्सईएन संजय रंगा व संदीप दलाल उपस्थित रहे।

किसान सभा के प्रतिनिधिमंडल में जिला प्रधान रामफल, सचिव मास्टर जगरोशन, संयुक्त सचिव डॉ. बलबीर सिंह ठाकन, उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश, एडवोकेट कविता आर्य, प्रताप सिंहमार, धूपसिंह, महाबीर, मुकेश शामिल रहे। इन्होंने ट्यूबवेल कनेक्शन देने की मांग की।

**पोल ढुलाई का खर्चा लिया जा रहा**

बैठक में मुख्यतः वर्ष 2019 से 2024 तक हजारों किसानों के पिछले दो वर्षों से ढांचागत लागत के 3-4 लाख रुपये जमा करवाने के बाद भी कनेक्शन जारी नहीं किया जाना रही। सिटी डिविजन भिवानी के तहसील भिवानी, बवानीखेड़ा व तोशाम के अभी तक टैंडर भी जारी नहीं किए गए हैं। वहीं ट्यूबवेल कनेक्शन जारी करने की सिनियरिटी लिस्ट जारी नहीं किए जाने के कारण ठेकेदार द्वारा शीघ्र कनेक्शन देने के नाम पर रिश्वत व पोल ढुलाई का खर्चा लिया जा रहा है। सैंकड़ों किसानों के गैरकानूनी तरीके से ट्रांसफॉर्मर खराबा पर 20 व 10 प्रतिशत मरम्मत राशि को बार-बार बार आश्वासन के बाद अभी तक नहीं लौटाने गए हैं। पांच महीनों से शिकायत दर्ज करवाने के बाद भी लटके हुए तारों को गांव हरियावास ( बहल) ठीक नहीं करने के कारण जयपाल पुत्र जयचंद की लाइन बदलते पाइप छुने के कारण एक हाथ कटकर पड़ने की दुर्घटना की जांच की मांग की तथा इलाज की भरपाई की मांग की। इसके साथ ही सबंधित अधिकारियों ने दो महिनों में अधिकतर ट्यूबवेल कनेक्शन जारी करने का आश्वासन दिया।